Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UPPSC
# Mains

## Previous Year Paper
### Hindi Literature Paper-I
### 2020

Teachingninja.in

Teachingninja.in

No. of Printed Pages : 2

# हिन्दी साहित्य (प्रश्न–पत्र – I)
# HINDI LITERATURE (PAPER – I)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :**
(i) कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
(ii) **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं ।
(iii) प्रश्न पत्र के **दो** खण्ड हैं और **प्रत्येक** खण्ड से कम से कम **दो** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।
(iv) प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या एक **(1)** और प्रश्न संख्या **पाँच (5) अनिवार्य** हैं ।

**Specific Instructions :**
(i) Answer **any five** questions.
(ii) **All** questions carry **equal** marks.
(iii) There are **two** Sections in question paper, answer atleast **two** from **each** Section.
(iv) In Question paper, Q. No. (**1**) and Q. No. (**5**) are **compulsory**.

## खण्ड – अ

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों पर लगभग **150** शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए ।

1. (क) 'पालि साहित्य' के महत्व को रेखांकित करते हुए किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 15

(ख) 'अपभ्रंश का विकास प्राकृतकालीन बोल–चाल की भाषा से हुआ है ।' इस कथन के पक्ष अथवा विपक्ष में अपना मत दीजिए । 15

(ग) 'राष्ट्रभाषा' और 'संपर्क भाषा' में अंतर स्पष्ट करते हुए उनकी किन्हीं दो विशेषताओं को रेखांकित कीजिए । 10

2. (क) 'ब्रजभाषा' की भाषिक विशेषताओं का महत्व निरूपण कीजिए। 15

(ख) वैज्ञानिक क्षेत्र में हिन्दी भाषा की स्थिति पर टिप्पणी लिखिए । 15

(ग) 'खड़ी बोली और उसकी नवीनताओं ने तत्कालीन साहित्य की आधारशिला का निर्माण किया ।' इस कथन पर प्रकाश डालिए । 10



Teachingninja.in

3. (क) 'अवधी' के वैशिष्ट्य को रेखांकित करते हुए उसकी प्रमुख दो साहित्यिक रचनाओं का उल्लेख कीजिए। 15

(ख) 'बुन्देली' की भाषिक विशेषताओं का महत्व निरूपण कीजिए। 15

(ग) 'मानक हिन्दी' के व्याकरणिक स्वरूप को रेखांकित करते हुए संचार माध्यमों में उसकी उपादेयता की महत्ता का प्रतिपादन कीजिए। 10

4. (क) 'नागरी लिपि' के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए उसमें किए गए किन्हीं दो सुधारों का उल्लेख कीजिए। 15

(ख) देवनागरी लिपि की प्रमुख समस्याएँ क्या हैं ? उसके सुधार के लिए किए गए प्रयासों का वर्णन कीजिए। 15

(ग) 'हिन्दी शब्द-संपदा' का आशय स्पष्ट करते हुए 'सामान्य' और 'पारिभाषिक' शब्दों की व्याख्या कीजिए। 10

## खण्ड – ब

5. (क) 'आदिकालीन साहित्य में विविधता भरपूर है।' इस कथन के परिप्रेक्ष्य में आदिकाल की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। 15

(ख) 'साहित्यिक प्रौढ़ता के अतिरिक्त भक्तिकाल में सांस्कृतिक जीवन की दृष्टि से भी तुलसीदास का भारतीय इतिहास में अत्यंत ऊँचा स्थान है।' इस कथन को प्रमाणित कीजिए। 15

(ग) 'नयी कविता' की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

6. (क) "हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल-विभाजन ऐतिहासिक और राजनीतिक परिस्थितियों पर ही अवलंबित रहा है।" इस कथन के पक्ष अथवा विपक्ष में अपना मत दीजिए। 15

(ख) हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की आधारभूत समस्याओं पर प्रकाश डालिए। 15

(ग) रीतिकालीन कविता में प्रकृति चित्रण पर प्रकाश डालिए। 10

7. (क) 'हिन्दी में आधुनिक कहानी के प्रारंभ और विकास का पूर्ण श्रेय द्विवेदी युग को है।' इस कथन के परिप्रेक्ष्य में कहानी के विकास पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 15

(ख) 'रेखाचित्र' और 'संस्मरण' के स्वरूप को रेखांकित करते हुए दोनों में अंतर स्पष्ट कीजिए। 15

(ग) छायावाद की प्रमुख प्रवृत्तियों पर विचार व्यक्त करते हुए किसी एक छायावादी रचनाकार की कृति पर टिप्पणी लिखिए। 10

8. (क) 'हिन्दी आलोचना के विकास में आचार्य रामस्वरूप चतुर्वेदी का अप्रतिम योगदान है।' इस कथन पर अपना मत प्रस्तुत कीजिए। 15

(ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी की आलोचना-भाषा का मूल्यांकन कीजिए। 15

(ग) आधुनिक काल की प्रमुख प्रवृत्तियों के वैशिष्ट्य की महत्ता का प्रतिपादन कीजिए। 10

---



Teachingninja.in